संख्या-780/2025/87/22-2-2025-17(89)/2025

प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 15 जुलाई, 2025

विषय:- केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अहिवरन सिंह पुत्र जसीराम लोधी, निवासी जनपद-आरैया की फार्म-ए/लाइसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक(मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 के पत्र संख्या-705/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-31.12.2024), दिनांक 07.01.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अहिवरन सिंह पुत्र जसीराम लोधी, जो दयालपुर थाना-कोतवाली औरैया, जनपद-आरैया का निवासी है। फिरौती के उद्देश्य से दिनांक 23-09-2008 बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अनमोल उम्र 08 वर्ष की गला घोंटकर हत्या कर दी तथा बच्चे की लाश को नाले में फेंक दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-81/2008, भा0द0वि0 की धारा-147, 364/149, 364ए/149 302/149,201/149 में मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, कक्ष सं0-03, औरैया के आदेश दिनांक 02.02.2016 द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया। बंदी ने दिनांक 23.10.2022 तक अपरिहार 14 वर्ष, 00 माह, 25 दिन तथा सपरिहार 15 वर्ष, 10 माह, 04 दिन की सजा पूरी कर ली है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट, औरैया द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि०एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी द्वारा गम्भीर अपराध किया गया है, पुन: अपराध करने की सम्भावना है, बन्दी आपराधिक मानसिकता का व्यक्ति है, बन्दी की मुक्ति से आम जनमानस में भय का माहौल उत्पन्न होगा का अंकन करते हुये समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में फिरौती के उद्देश्य से दिनांक 23-09-2008 बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अनमोल उम्र 08 वर्ष की गला घोंटकर हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

shasanadesh.up.gov.in

की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बन्धित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति की प्रतिकूल अवधारणा बनायी जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी अहिवरन सिंह पुत्र जसीराम लोधी को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार फतेहगढ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अहिवरन सिंह (बन्दी संख्या-26641) पुत्र जसीराम लोधी, निवासी जनपद-औरैया की यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज ऑन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के प्राबिधानों के अन्तर्गत सम्यक विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी के लाईसेन्स पर मुक्ति मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तद्नुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन का आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।
(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-780/2025/87(1)/22-2-2025-17(89)/2025,तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, औरैया।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.09.2024 के संदर्भ में।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ममता श्रीवास्तव
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.

शासनादेश संख्या-780/2025/87/22-2-2025-17(89)/2025

दिनांकः 15 जुलाई, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी अहिवरन सिंह पुत्र जसीराम लोधी, जो दयालपुर थाना-कोतवाली औरैया, जनपद-आरैया का निवासी है। फिरौती के उद्देश्य से दिनांक 23-09-2008 बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अनमोल उम्र 08 वर्ष की गला घोंटकर हत्या कर दी तथा बच्चे की लाश को नाले में फेंक दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-81/2008, भा0द0वि0 की धारा-147, 364/149, 364ए/149 302/149,201/149 में मा० अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, कक्ष सं0-03, औरैया के आदेश दिनांक 02.02.2016 द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया गया। बंदी ने दिनांक 23.10.2022 तक अपरिहार 14 वर्ष, 00 माह, 25 दिन तथा सपरिहार 15 वर्ष, 10 माह, 04 दिन की सजा पूरी कर ली है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त एवं जिला मजिस्ट्रेट, औरैया द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 **बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि०एल० जे० 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी द्वारा गम्भीर अपराध किया गया है, पुन: अपराध करने की सम्भावना है, बन्दी आपराधिक मानसिकता का व्यक्ति है, बन्दी की मुक्ति से आम जनमानस में भय का माहौल उत्पन्न होगा का अंकन करते हुये समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।**

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि प्रकरण में फिरौती के उद्देश्य से दिनांक 23-09-2008 बन्दी ने अपने 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अनमोल उम्र 08 वर्ष की गला घोंटकर हत्या करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बन्धित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नहीं है जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति की प्रतिकूल अवधारणा बनायी जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी अहिवरन सिंह पुत्र जसीराम लोधी को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।